Postal Registration No. CHD/0107/2021-2023 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 21 अंक 05 30 मई, 2021 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से कोरोना का भंयकर कहर बनाम प्रशासनिक विफलता

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

यह गंभीर चिंता का विषय है कि हमारा देश कोरोना महामारी पीड़ितों की बढ़ती हुई संख्या तथा जीवन की अंतिम सांसे लेने वालों की संख्या में विश्व में अग्रणी श्रेणी में आ चुका है। आज जनता जनार्धन के दिमाग में यह बात घर कर चुकी है कि देश का प्रशासन सामुहिक तौर से कोरोना महामारी व पीड़ित लोगो के प्रति इतना असंवेदनशील क्यों दिखाई दे रहा है जबकि पिछले वर्ष कोरोना की पहली लहर के बाद यह निश्चित हो गया था कि राष्ट्र में इस महामारी की दूसरी भंयकर लहर आ सकती है। पूरी दुनिया में हमारे देश की जो छवि बन रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है भारत आपदा प्रबंधन में न केवल बुरी तरह नाकाम हुआ है बल्कि देश को चलाने वाले लोगों ने भारत के नागरिकों सहित पूरी दुनिया का भरोसा भी गंवा दिया है। देश के नेतृत्व ने अपनी छवि चमकाने के चक्कर में असल में देश की छवि के साथ ही खिलवाड की है

लेखक तथा अन्य बुद्धिजीवी वर्ग यह महसूस करता है कि राजनैतिक ऊंचाईयों को छूने की महत्वाकांक्षा के कारणवश आज के शासक दल को जनता की पीड़ा नहीं दिखाई दे रही है और राज्य की ताकत तथा राष्ट्रीय सता को आम जनता की पीड़ा को और अधिक बढ़ाने के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है। आक्सीजन व जीवन रक्षक औषधियां कोरोना पीड़ितों व गरीब जनता तक पहुंचाने की ओर कम ध्यान दिया जा रहा है लेकिन जीने के मौलिक अधिकारों की अवहेलना करते हुये पुलिस की मार्फत मनमाने ढंग से लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है। 15 मई को दिल्ली पुलिस द्वारा पोस्टर चिपकाकर केंद्रीय सरकार की कोरोना के संबंध में की गई कारगुजारी का विरोध करने के तथाकथित आरोप लगाकर 24 निर्दोष व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। राजधानी में जेलों मे केवल 10,000 की क्षमता है लेकिन 30 अप्रैल तक वहां पर 20,500 कैदी जेलों में बंद है। यही हालात राष्ट्र की अन्य कारागारों की है। आज राष्ट्र का हर वर्ग कोरोना महामारी से पीड़ाग्रस्त व शोकग्रस्त होता जा रहा है जोकि मानव अधिकारों का सरेआम उल्लंघन है।

इस समय राष्ट्र का 2 तिहाई हिस्सा महामारी की चपेट में आ चुका है और 533 जिलों में 10 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या कोरोना से संक्रमित है और लगभग 19 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाया गया है जो कि शून्य के बराबर है। भारत में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की कुल संख्या करीब डेढ़ करोड़ के पास पहुंच गई है। जानकारों का कहना है कि दूसरी लहर पहली के मुकाबले ज्यादा ताकतवर है। ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य व्यवस्था शून्य के बराबर है और गांवों की स्थिति तो अभी भांप ही नहीं सकते हैं। राष्ट्र में संक्रमण की रफ्तार इसलिए नहीं थम रही क्योंकि अब कोरोना वायरस शहरों से गांवों में फैल रहा है। इस समय महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल और मध्य प्रदेश आदि 13 प्रमुख राज्य हैं, जहां कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। संक्रमण के नए मामले इन सभी राज्यों में 50 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों से हैं। पूरे देश में साढ़े 6 लाख गांव हैं, और इनमें लगभग 90 करोड़ लोग रहते हैं। हरियाणा के किसी भी गांव में जाकर देख लें पूरे गांव झोलाछाप से दवाइयां ले रहे हैं और रोज किसी ना किसी अपने की लाश कंधों पर ढोकर श्मशान पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार केरल और बंगाल में 75 प्रतिशत से अधिक कोरोना पीड़ित रोगी ग्रामीण इलाकों से हैं।

हरियाणा के रोहतक, हिसार, झज्जर आदि जिलों के अनेक गांवों में 20 से 25 व्यक्ति प्रति गांव कोरोना का शिकार हो चुके हैं केवल टिटोली गांव में 60 से अधिक महामारी से जान गवां चुके हैं और एक व्यक्ति के दो युवा बेटे इस महामारी का शिकार हो चुके हैं जिनको बचाने के लिये 35000 हजार रुपये का वैक्सीन भी लगवाना पड़ा। रोहतक में 230 में से 57 गांव पूरी तरह कोरोना संक्रमण की चपेट में है। यही हालात प्रदेश के अन्य जिलों की है अगर यह महामारी गांवों में छोटी उमर के बच्चों तक फैल गई तो स्थिति और अधिक भयानक हो सकती है। पंजाब के मोहाली, पटियाला, बठिढ़ा, जांलधर आदि जिलों में स्थिति बहुत विकराल हो चुकी है। एक सर्वे के अनुसार पंजाब के पटियाला में 10 दिन में 50 मौते हुई है। लेकिन प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं व किसी भी एन.जी.ओ. द्वारा इस घातक महामारी के नियंत्रण के लिये गांवों में आवश्यक कदम नहीं उठाये जा रहे हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन, पैरासिटामोल, सैनाटाईजर व मास्क तक भी उपलब्ध नहीं है।

स्थिति यह है कि कोरोना से अधिक प्रभावित गांवों में पीड़ितों का संस्कार करने के लिये इंधन भी कम पड़ने लगा है और शमशान घाट में एक समय में कई शवों का संस्कार किया जा रहा है और शव का संस्कार करने के लिये इंतजार करना पड़ता है। मुस्लिम व ईसाई समुदाय भी इस शर्मनाक स्थिति से जूझ रहा है

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

क्योंकि कब्रिस्तानों व गिरजा घरों में शवों के दफन के लिये जगह कम पड़ रही है। यूपी व बिहार में तो कोरोना पीड़ितों के शवों को नदियों व नहरों में फैंका जा रहा है। शवों के संस्कार के लिये 16 हजार से 20 हजार तक वसूल किये जा रहे है जिससे गरीब व्यक्ति शव को पानी में बहाने पर मजबूर है। बिहार के बक्सर जिले व यूपी में सैंकड़ो शव गंगा में तैरते हुये मिल चुके है जो कि सरकार व प्रशासन की नैतिकता व संवेदनशीलता का जनाजा है। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोरोना से जान गंवा रहे लोगों की सही संख्या की जानकारी देने में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ो व शमशान घरों से प्राप्त आंकड़ों में भारी अन्तर है। इस समय गांवों में कोरोना का मृत्यु दर 2.86 प्रतिशत है जबकि शहरों का 1.73 प्रतिशत है जो कि दोगुना है। पिछले माह बेगलुरू में इसी तरह क आंकड़े जारी हुये जहां 1422 की तुलना में 3104 मौते कोविड प्रोटोकोल के साथ हुई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना से 3 लाख से अधिक मौतें हो चुकी हैं जो कि विश्व में तीसरे नम्बर पर है। कोरोना महामारी के पीड़ितों के संबंध में गुजरात सरकार द्वारा जारी आंकड़े भी संदेहास्पद हैं। गत वर्ष एक मार्च से 10 मई 2020 तक 71 दिन में गुजरात सरकार द्वारा कोरोना के 58068 मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए गए। इस साल इतने ही समय में गुजरात सरकार द्वारा 123873 मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए गए जोकि गत वर्ष से 65805 अधिक हैं। कोरोना पीड़ितों की यह संख्या सरकार द्वारा अधिकारिक तौर से प्रमाणिक है जोकि निश्चित रूप से प्राकृतिक बढ़ोतरी नहीं है। जबकि सरकार का दावा है कि कोरोना से केवल 4218 मौत हुई हैं जोकि पीड़ितों की बाकी संख्या पर संदेह उत्पन्न करती है। 12 अप्रैल 2021 को देश में कोरोना वैक्सीन की डोज 4265157 से कम होकर अगले छह रोज तक 20 लाख से भी कम हो गई। अखबार के मुताबिक यह स्पष्ट तौर से सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही वैक्सीन की अपर्याप्त सप्लाई का सुबूत है, जबकि सरकार व प्रशासन इसके विपरीत वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति का प्रसार व दावा कर रहा है। 9 मई 2021 को इकोनॉमिक टाईम्स द्वारा जारी ग्राफ में भी दर्शाया गया है कि देश में प्रतिदिन दी जा रही कोरोना वैक्सीन की दर लगातार घट रही है।

हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे आम नागरिक को तो पूछता ही कौन है साधन सम्पन्न व उच्च वर्ग के लोग भी स्वास्थ्य सुविधाओं, ईलाज की कमी से मर रहे है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज की आक्सीजन न मिलने से मृत्यु हो गई। अप्रैल मास में विदेशमंत्री श्री जय शंकर द्वारा फोन करने के बावजूद मेदांता हस्पताल गुरूग्राम में दाखिल न किये जाने के कारण भारतीय विदेश सेवा (सेवानिवृत), नाईजीरियां के पूर्व राजदूत श्री अशोक अमरोही व पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री लक्ष्मण दास की सरकारी अन्देखी से मृत्यु हो गई।

स्वास्थ्य तंत्र के हाल पर अगर बात की जाए तो बस भगवान के हवाले ही देश है। हस्पतालों में फिलहाल सारे आई.सी.यू. और कोविड–19 आई.सी.यू. पूरी तरह भरे हुए हैं। मरीज आक्सीजन और वेंटीलेटर की आस में ही इस दुनिया से जा रहे हैं। गरीब मरीज जमीन पर लेटकर मौत की सांसे गिन रहे हैं बैडों की कमी के कारण एक बैड पर दो–दो मरीज भी गुजारा कर रहे हैं और कोरोना पीड़ितो के शवो को सरकारी अव्यवस्था के कारण ऑटोरिक्शा, रेहड़ी पर लादकर व सिर पर उठाकर ले जाया जा रहा है और श्मशान घाट में जगह न मिलने के कारण गंगा में बहा दिया जाता है।

वैक्सीन मैत्री के नाम पर केन्द्र सरकार ने अपनी छवि चमकाने के चक्कर में बड़ा नुकसान कर दिया। जो डोज पहले भारत के लोगों को लगनी चाहिए वो डोज विदेशों की धरती पर उतारी जाने लगी। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने अब तक 90 देशों को करीब 6 करोड़ 60 लाख वैक्सीन दी हैं। इनमें से 54 फीसदी का व्यापार के तहत निर्यात हुआ है, 16 फीसदी दान में दिए गए हैं और बाकी के 30 प्रतिशत का निर्यात कोवैक्स प्रोग्राम के तहत हुआ है। 70 प्रतिशत दान पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव को दिए गए हैं। ये कुल निर्यात का एक–तिहाई हैं। भारत ने इन देशों को करीब 1 करोड़ 80 लाख टीके दिए हैं। वैक्सीन के ज्यादातर टीके अफरीकी देशों, मोरक्को, ब्रिटेन, सऊदी अरब, ब्राजील आदि को व्यापारिक निर्यात के तहत भेजे गए।

भारत में हर दिन जिन लोगों को टीके दिए जाते हैं उनकी संख्या करीब 20 या 25 लाख होती है और अगर भारत की पूरी आबादी को अगले आठ महीने के दौरान टीके लगाने हैं तो हर दिन लगाए जाने वाले टीकों की संख्या 70 से 80 लाख या एक करोड़ होनी चाहिए। ऐसा करने के लिए बड़े ढांचे की जरूरत होगी। इसके लिए सबसे ज्यादा वैक्सीन की सप्लाई की जरूरत होगी। अप्रैल की शुरुआत में देखने को मिला कि जितनी मांग है उतनी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जहां टीके लगाए जा रहे थे वहां भी पहली और दूसरी खुराक के लिए समय देने में दिक्कतें आ रहीं थीं। कुछ केंद्रों पर वैक्सीन ही नहीं थीं। अब केंद्र सरकार ने वैक्सीन का भार राज्यों पर डालकर और केंद्र और राज्य सरकारों के लिये वैक्सीन के अलग–अलग दाम तय कर स्थिति को और बिगाड़ दिया। आम बजट में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण कोरोना संक्रमण के प्रबंधन और नियंत्रण के मद्देनजर ऐलान किया था कि कोरोना की वैक्सीन के लिए 35 हजार करोड़ रुपए अलॉट किए। अगर इस पैसे का सही इस्तेमाल अगर किया होता तो देश के 100 करोड़ लोगों को

वैक्सीन लग चुकी होती। इसी प्रकार सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत 20 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जोकि एक नया आधुनिक संसद भवन बनाने पर खर्च किया जा रहा है। अगर इस पैसे को आम आदमी के हित के लिए खर्च किया जाए तो इससे 100 दिन तक 40 करोड़ बच्चों के लिए एक समय के भोजन की व्यवस्था हो सकती है जोकि समय की जरूरत है क्योंकि वर्ष 2020 के सर्वे के अनुसार भारत में भुखमरी का इंडेक्स 107 देशों में 94वें स्थान पर है।

फरवरी के आखिर में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव आ गए। इन राज्यों में 18 करोड़ से भी ज्यादा मतदाता है। सत्तादल व दूसरे दलों के तमाम बड़े नेताओं ने रैलियां में धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया और एक साथ लाखों लोगों को रैलियों में बुलाया गया। आज पश्चिम बंगाल में हर चौथा आदमी संक्रमित है और सेहत पर सत्ता हावी हो गई है। इसलिये देश के वे सभी राजनैतिक दल इसके लिये जिम्मेवादर है, जिन्होंने भीड जुटाई थी। जो समय व पैसा देश के प्रधानमंत्री को देश को इस महामारी से निपटने से देश को तैयार करने में लगाना था वो चुनाव में बहा दिया और देश बर्बादी के कगार पर आ गया। करीब–करीब उसी दौरान भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे मैच खेले गए। उसके बाद कुंभ मेला शुरू हो गया जिसमें लाखों लोग पहुंचे। सरकार की ओर से बरती गई इस घोर लापरवाही से भी हालात ज्यादा खराब हुये है। वैज्ञानिकों का मानना है चुनाव, धार्मिक मेले और इस तरह के दूसरे आयोजन और महामारी से बचाव के उपायों के प्रति लापरवाही दूसरी लहर के मुख्य कारण हैं।

कोरोना ने देश के कुछेक लोगों के चरित्र को भी उजागर कर दिया है। कालाबाजारी ने हर सीमा लांघ दी और उनसे निपटने में तंत्र भी फेल रहा। कोरोना की दूसरी लहर जिस तेजी से फैल रही है उसी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी बढ़ी। हालात इस कदर बदहाल है कि प्रशासन इस ओर मूकदर्शक की भांति तमाशा देख रहा है। पान मसाला, फल, मेवा तथा दाल–चावल तक कालाबाजारी के शिकार हो गए हैं। कोरोना से बचाव के लिए मास्क व अन्य आवश्यक वस्तुएं भी बीते सप्ताह की तुलना में डेढ़ से दो गुनी अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। कई दवाईयां बाजार से गायब हो गई हैं तो कुछ दोगुने दामों पर बेची जा रही है। पल्स ऑक्सोमीटर तक नहीं मिल रहा है। खाद्यान्न के साथ दलहन–तिलहन की निरंतर बढ़ रही महंगाई आम जनता की कमर तोड़ रही है।

कोरोना महामारी की रोकथाम हेतू प्रथम सुरक्षा पंक्ति में लगे हुये पुलिस कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मी आदि भी लगातार कोरोना की चपेट में आ रहे है। अप्रैल के अंत से तो लगातार औसतन 100 पुलिस कर्मचारी संक्रमित हो रहे है। अब तक एक दर्जन एसपीओ व पुलिस वालो की कोरोना से मौत हो चुकी है जिसमें 2 डीएसपी शामिल है। इसके साथ ही हरियाणा के हस्पतालों में काम करने वाली 600 नर्सें व एन.एच.आर.एम. के करीब 1000 कर्मचारी कोरोना की चपेट में आ चुके है। भारतीय चिकित्सक संघ (आई.एम.ए) के अनुसार कोविड़–19 की पहली लहर में 748 डाक्टरों की मौत हुई थी जबकि दूसरी लहर में अब तक कोरोना वायरस की चपेट में आकर 1017 डाक्टरों की मृत्यु हो चुकी है तथा अन्य स्टाफ इससे अलग है।

महामारी का सुरक्षा बलों पर भी प्रभाव बढ़ रहा है। सेना के जवान भी इससे संक्रमित हैं। राष्ट्र की सुरक्षा में लगे हुये सुरक्षाबल भी कोरोना की गिरफ्त में आ रहे हैं अभी तक 5134 सुरक्षा सैनिक कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा को भारी खतरा है। कोविड–19 की वजह से भारतीय सेना को अपने ट्रेनिंग सिस्टम में कई तरह के बदलाव तो करने ही पड़ रहे हैं साथ ही इसकी वजह से सेना को नए अफसर और नए जवान मिलने में भी देरी होगी। कोरोना का कहर अगर लंबे वक्त तक चला तो सेना की दिक्कत भी बढ़ सकती है। सेना में प्रत्येक स्तर पर नए रिक्रूटमेंट और प्रशिक्षण केंद्र बंद हैं। कोरोना से निपटने के लिए देश के साथ सेना कंधे से कंधे मिलाए चल रही है लेकिन खुद उसके जवान कोरोना से बदहाल हैं लेकिन महामारी राष्ट्र की सुरक्षा के साथ जुडा हुआ मसला है।

बिगडी हुई परिस्थितियों में देश में बेरोजगारी की दर लगातार बढ़ती जा रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सी.एम.आई.ई) ने अपनी सर्वे रिपोर्ट में कहा कि कोविड–19 संकट के चलते देश में बेरोजगारी की दर तीन मई को सप्ताह के दौरान बढ़कर 27.11 प्रतिशत हो गई है। बेरोजगारी की दर शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक 29.22 प्रतिशत रही, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर 26.69 प्रतिशत थी। अब अगर बीमारी से बच भी गए तो देश के लाखों लोगों को ये बेरोजगारी ले डूबेगी। एक निजी शोध फर्म सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के सर्वे में आंकड़े सामने आए हैं कि कोरोना की दूसरी लहर में भारत में लगभग 7 मिलियन लोग बेरोजगार हो गए हैं।

कोरोना के लगातार बढ़ते हुये प्रकोप से माननीय सुप्रीम कोर्ट भी चिंतित है और केन्द्रीय सरकार को कई बार आवश्यक निर्देश देकर कहा कि हम लगातार जान गंवा रहे निर्दोश/असहाय लोगों की दुर्दशा पर आंखे बंद नहीं कर सकते और सरकार को कोरोना महामारी को रोकने के लिये गंभीर कदम उठाने चाहिए लेकिन स्थिति में अभी तक कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। देश को कोरोना की तीसरी लहर का दंश न झेलना पड़े इसके लिए पहला और प्रभावी कदम होना चाहिए जो 35 हजार करोड रुपये की बात श्रीमती निर्मला सीतारमण ने की थी उसका एक बड़ा हिस्सा वैक्सीनेशन बनाने की तेज रफ्तार और देश के हर व्यक्ति

को सरकार की तरफ से मुफ्त टीका लगवाने में लगना चाहिए। वैक्सीन को बनाने का तरीका देश की हर संभव वैक्सीन बनाने वाली कंपनी के साथ शेयर करके, फील्ड अस्पताल बनवाकर और ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन बनाकर देश के लोगों को लगाने की पहल ही देश को इस भयावह संकट से बाहर निकाल सकती है।

कोरोना महामारी के फैलाव के बारे में केन्द्रिय सरकार के साथ–साथ राज्यों व बड़े निजी हस्पतालो की जबाबदेही निश्चित की जानी चाहिए क्योंकि यह संकट लोगों के जीने के अधिकार से जुड़ा है। निजी हस्पतालो को जीवन रक्षक आवश्यक औषधियों व सामान के ईलावा अपने हस्पतालों में आक्सीजन संयंत्र लगाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये जायें ताकि मासूम लोगो की जिन्दगी से खिलवाड़ ना हो। निजी हस्पतालो को पब्लिक हित में सस्ते दर पर सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध करवाई जाती है इसलिये इनके लिये लोगों की स्वास्थ्य की रक्षा के लिये सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जानी जरूरी हैं। कोरोना के साथ–साथ नई बीमारी म्यूकोरमाइकोसिस–ब्लैक फंगस के मामले भी उजागर हो रहे हैं। भारत का स्वास्थ्य बजट जीडीपी का 1.29 प्रतिशत है जोकि बंगलादेश व नेपाल से भी कम है, इसलिए स्वास्थ्य तंत्र को समुचित तौर से पुर्नगठित करने व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त बजट बढ़ाया जाना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों, पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों को महामारी से पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता एवं नम्रता बरतनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में खौफनाक महामारी की तीव्रता को नियंत्रण करने के लिये ग्रामीण स्वास्थ्य संगठनों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को समुचित तौर से प्रभावी व सुविधा पूर्ण बनाना आवश्यक है जिसके लिये विभिन्न एन.जी.ओ., विद्यार्थियों, एन.सी.सी. तथा समाज सेवी संगठनो से तालमेल बनाकर लोगों को जागरूक किया जाये। इसके साथ ही सरकार को फजूल की ब्यानबाजी छोड़कर संकट की इस घड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर टैंस्टिग, वैक्सीनेशन शुरू करके देहात में ही सार्वजनिक चौपालों, स्कूलों आदि में आईसोलेसन केन्द्र बनाकर पीड़ितों के उचित उपचार की व्यवस्था करनी चाहिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवायें निभा रहे स्टाफ की अस्थाई सेवाओं को स्थाई किया जाये और उनके वेतन व भत्ते बढ़ाये जाये ताकि वह मरीजो की श्रद्धाभावना से सेहत सेवायें मुहैया करवाये।

डॉ0 महेंद्र सिंह मलिक
आई.पी.एस. (सेवा निवृत)
पूर्व पुलिस महा निदेशक हरियाणा,
प्रधान अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति एवं
जाट सभा, चंडीगढ व पंचकुला

असहाय परिवारों को मिले मदद

– शम्भू भदरा

योगेश कुमार सोनी कोरोना की वजह से मानव जीवन भारी संकट में आ चुका है, लेकिन अब उन परिवारों की परेशानी बहुत बढ़ गई जिनके घरों की अकेले व्यक्ति के आधार पर जीविका चल रही थी। सरकारें अपने–अपने स्तर पर मदद करने की घोषणाएं तो कर रही हैं, लेकिन अभी धरातल पर सब शून्य है। मध्यम व गरीब वर्ग के परिवारों का जीवन कठिनाई की ओर इसलिए चला गया चूंकि इनके पास बैकअप के रूप में किसी भी प्रकार की धनराशि व संपत्ति नहीं होती। इनमें से बहुत से लोग तो किराए पर भी रहते हैं और ऐसे लोगों को जीवन–यापन करना बहुत बेहद मुश्किल हो रहा है। यदि आंकड़ों पर गौर करें तो कोरोना से देश में अब तक ढाई करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से करीब पौने तीन लाख लोगों की मौत हो चुकी है और यह वो आंकड़ा है जो सरकार ने बताया है। यदि सच्चाई पर जाएं तो निश्चित तौर यह दोगुना होगा। यदि इन आंकड़ों का भी वर्गीकरण करें तो मरने वाले 68 प्रतिशत गरीब व मध्यमवर्गीय लोग हैं।

बीते दिनों मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी कोरोना से मरने वालों के परिजनों की मदद करने की घोषणा की है। केजरीवाल ने कहा कि 'मैं ऐसे कई बच्चों को जानता हूं जिन्होंने अपने माता–पिता को कोरोना से खो दिया है। मैं उनका दर्द समझता हूं। इसके अलावा जिन बुजुर्गों ने अपने घर के कमाऊ युवाओं को खो दिया है, उन्हें भी सरकार मदद देगी। दिल्ली सरकार ऐसे बुजुर्गों को आर्थिक मदद मुहैया कराएगी।' सवाल व स्थिति अपनी जगह अडिग है, क्योंकि पीड़ित परिवारों को मदद कब और कैसे मिलेगी इसका अभी कोई अता–पता नही हैं? इनमें से बहुत सारे लोग ऐसे थे जो रोज कमाकर अपना जीवन निर्वाह करते थे, मृतक के घरवालों को मकान मालिकों ने किराए का पैसा न मिलने पर भगाना शुरू कर दिया व राशन वालों ने उधार देना बंद कर दिया। हालात बद से बदतर होने लगे हैं। ऐसे लोग सामाजिक संस्थाओं द्वारा जो खाना मिल जाता है उस ही पर आश्रित हो गए। जिसके परिवार में बूढ़े मां–बाप, पत्नी और बच्चे हैं और उनका कमाने वाला चला गया उन परिवारों की स्थिति बेहद दननीय होती जा रही है। ऐसे स्थिति में बूढ़े मां–बाप कमा नहीं सकते। पत्नी छोटे बच्चों को छोड़कर जा नहीं सकती। यदि कुछ महिलाएं जा भी सकती हैं तो लॉकडाउन की वजह से उन्हें कोई काम नही मिल रहा।

ऐसे लोगों के लिए सरकार को बेहद गंभीरता से सोचने की जरूरत है, चूंकि जो कोरोना से मर गया वहां तो कोई कुछ नहीं कर सका, लेकिन ऐसे लोग मात्र भूख से ही मर जाएंगे तो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण माना जाएगा। यहां अन्य मामलों की तरह घोषणाओं को लटकाते हुए काम नहीं चलेगा, चूंकि इस बार मामला मानव जीवन पर संकट और बुनियादी जरूरत का है। यदि लोग भूख से मरने लगे तो यहां सरकार पर कई तरह के सवालिया निशान खड़े हो जाएंगे, जिसकी शुरुआत होने लगी है। इसके अलावा सबसे बड़ी चिंता का विषय यह भी है कि जिन लोगों को अस्पतालों में बेड नहीं मिला और वह बिना इलाज के ही मर गए, उन लोगों को सरकार अपने आंकड़े में नहीं गिन रही। इस दिशा में एक कमेटी गठित करके जांच के आधार ऐसे परिवारों को भी मदद देने की जरूरत है। यहां केन्द्र व राज्य सरकारों को बड़े एक्शन ऑफ प्लान की आवश्कता है। सवाल यह है कि ऐसे में सरकारें अपनी राजनीति चमकाने व उपस्थिति दर्ज कराने के चक्कर में जनता को निशाना न बना लें।

उदाहरण के तौर पर यदि हम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां का वासी केन्द्र व राज्य सरकार के आपसी मतभेद की भेंट चढ़ जाता है। हर मामले पर केजरीवाल कहते हैं कि हम केंद्र सरकार से कुछ मांगते हैं तो वह देती नहीं। केजरीवाल ने अपने स्तर कोरोना से पीड़ित परिवारों की मदद का जो ऐलान किया है तो वह उसको जल्द से जल्द पूरा करें। यदि वो अन्य घोषणाओं की तरह इसमें राजनीति कर गए तो जनता के साथ नाइंसाफी हो जाएगी। चूंकि इस बार जरूरत किसी योजना के लाभ से नहीं जुड़ी अब तो मामला भूख से मरने का हो गया। हालात बेचैन करने वाले बन चुके हैं। पिछले वर्ष लॉकडाउन में केजरीवाल ने मकान मालिकों से किराया न लेने की अपील की थी, लेकिन उसके लिए कोई कानूनी खाका तैयार नहीं किया था और उसका परिणाम यह हुआ कि किसी भी मकान मालिक ने किसी भी प्रकार की कोई मदद नहीं की। कुछ घटिया मानसिकता के लोगों ने तो किराएदारों का सामान घर से बाहर फेंक दिया था। ऐसे मामलों में पुलिस भी कोई सहायता नहीं कर पाई थी। केजरीवाल या अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मदद की घोषणाओं के बाद जरूरतमंद टकटकी लगाए बैठे हैं कि सरकार हमें बचा लेगी, इसलिए तुरंत प्रभाव के साथ पूरे देश में इस मामले को लेकर एक जैसा नियम लागू होना चाहिए। इस बार केंद्र सरकार का स्वास्थ्य बजट 94,452 करोड़ था, लेकिन कोरोना संकट के चलते बढ़ाकर 2,23,846 करोड कर दिया। इस बजट में 35000 करोड़ की वैक्सीन भी शामिल है, लेकिन यहां अहसहाय परिवारों की मदद के लिए थोड़ा सा और बजट बढ़ाया जाए।

अपने–अपने देश की जनता के लिए आर्थिक मामलों पर विश्वस्तरीय चर्चा करें, तो अमेरिका ने पिछले वर्ष कोरोना से मरने वालों के परिजनों व लॉकडाउन की वजह से 17.5 करोड़ डॉलर के पैकेज के द्वारा मदद की थी व इस वर्ष भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 139 राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसके तहत हर अमेरिकी को खाते में करीब एक लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा रूस, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब व अन्य तमाम देशों ने अपने नागरिकों को आर्थिक मदद करके उन्हें संकट में नहीं आने दिया। हमारे देश में संदर्भ में चर्चा करें तो अधिक जनसंख्या का होना हमें पिछड़ा बनाता है। पूरी दुनिया में लगभग साढ़े सात सौ करोड़ हैं लोग हैं जिनमें से एक तिहाई हमारे देश और चीन में रहते हैं। अधिक जनसंख्या में एक समान किसी भी चीज का लागू करना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन वैश्विक आपदा से निपटने के लिए काम करना होगा। वहीं दूसरी ओर हमारे देश में दलालों का होना भी हमे उभरने नहीं देता। गांव में शौचालयों की योजना में एक घर में एक बजाय तीन शौचालय बताकर घपला किया। सर्वे करने वालों ने आधे पैसे स्वयं लिए व आधे लाभकारी को दिए। यह तो केवल एक योजना के घपले का उदाहरण है, लेकिन यहां केंद्र व राज्य सरकारों को स्वयं धरातल पर उतरकर काम करना होगा। यदि यह काम राज्य स्तर करना है तो उसके लिए मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की जाए और तुरंत प्रभाव से आदेश दिया जाए और यदि यह केंद को अपने संरक्षण में करना है तो भी जल्द से जल्द खाका तैयार कर जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जाए। (ये लेखक के अपने विचार हैं।)

इजराइल-हमास के बीच हिंसा तत्काल रोके यूएन

– मंजू रानी

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी हिंसक संघर्ष का तत्काल अंत होना चाहिए। भारत ने इस हिंसा की निंदा की है। विश्व जब कोरोना महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में दो मुल्कों का आपस में खून बहाना कहीं से भी उचित नहीं है। इजराइल व फिलीस्तीन के बीच 1967 से ही दुश्मनी है। यरूशलम में इस्लाम, ईसाई व यहूदी तीनों की पवित्र धर्म स्थली है। पूर्वी यरूशलम में अल अक्सा मस्जिद है। यह मक्का व मदीना के बाद मुस्लिमों का तीसरा सबसे पवित्र धर्म स्थल है। समूचे यरूशलम पर इजराइल का कब्जा है। वह पूर्वी यरूशलम से मुस्लिम आबादी को खाली करना चाहता है। फिलिस्तीन चाहता है कि इजराइल 1967 से पहले की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं तक वापस लौट जाए और वेस्ट बैंक तथा गाजा पट्टी में स्वतंत्र

फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो। इजराइल पूर्वी यरूशलम से अपना दावा छोड़े। अभी रमजान के मौके पर इजराइल ने पूर्वी यरूशलम से मुस्लिम आबादी को खाली कराना शुरू किया, जिसका हमास विरोध कर रहा है। ताजा संघर्ष इसलिए है। इसके चलते इजराइल में यहूदी व अरब आबादी के बीच सांप्रदायिक हिंसा भी फैल गई है। हमास का गाजापट्टी पर कब्जा है।

इजराइल हमास को आतंकवादी गुट मानता है। अभी इजराइली सुरक्षा बल के खिलाफ हमास का विरोध मामूली झड़प से हिंसक जंग में तब्दील हो रहा है। एक सप्ताह के अंदर सौ से अधिक बेकसूर मारे गए हैं। दोनों ही मुल्क में महज लाखों में आबादी है, फिर भी दोनों एक–दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। चिंता की बात है कि इजराइल व फिलिस्तीन के बीच विवाद केवल दो मुल्कों का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह इस्लाम, यहूदी व ईसाई सभ्यता व मान्यता के बीच के टकराव की परिणति भी है। इजराइल वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी, गोलन हाइट्स को अपना क्षेत्र बताता रहा है। मुस्लिम देशों से घिरे इजराइल को हमेशा इस्लामिक कट्टरता के विरोध का सामना करना पड़ता है, जिसमें फिलिस्तीन के पक्ष में इजराइल के खिलाफ मुस्लिम देश गोलबंद हो जाते हैं तो इजराइल की मदद को पश्चिमी देश आ जाते हैं। अभी ताजा संघर्ष के बाद जहां अमेरिका, जर्मनी आदि देश इजराइल के आत्मरक्षा पक्ष को सही मान रहे हैं, तो मुस्लिम देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) फिलिस्तीन के साथ है। आईओसी के 57 देशों ने 16 मई को आपात बैठक बुलाई है।

ओआईसी के सदस्य तुर्की, सऊदी अरब व पाकिस्तान ने यूएन जाने का फैसला किया है। विश्व स्तर पर रूस व चीन अपरोक्ष रूप से फिलिस्तीन के पक्ष में खड़े दिखेंगे। इसमें वैश्विक विभाजन साफ दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने इजराइल व हमास से खूनी संघर्ष बंद कर शांति की अपील की है। यूएन के महासचिव एंटोनियो गुतेरेस ने कहा कि इस लड़ाई से दोनों देशों में कट्टरता बढ़ेगी। भारत ने यूएन में दो टूक कहा कि वह सभी तरह क हिंसक गतिविधियों की भर्त्सना करता है। भारत चाहता है कि हिंसा तत्काल बंद हो। एक भारतीय नागरिक की मौत पर भी भारत ने इजराइल से अपनी चिंता जाहिर की है। भारत ने सभी पक्षों से सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2334 का पालन करने की भी अपील की जो कहता है कि पूर्वी यरूशलम समेत फिलिस्तीन के कब्जे वाले क्षेत्र में इजरायल द्वारा 1967 से अन्य बस्तियों की स्थापना की कोई कानूनी वैधता नहीं है और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत घोर उल्लंघन है। इजराइल व फिलिस्तीन को अंतर्राष्ट्रीय संधि का पालन करना चाहिए। 1948 में इजराइल की आजादी के बाद से ही अरब देश और इजराइल कई बार आमने–सामने आ चुके हैं, हालात 2008–09 या फिर 2014 जैसे नहीं हो, इसलिए यूएन को चाहिए कि इजराइल व हमास के बीच शांति स्थापित करने की दिशा में तेजी से पहल करे।

घटती जैव विविधता को रोकना जलवायु परिवर्तन की तरह मानव सभ्यता के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती

– डॉ. सुनील कुमार भारतीय वनसेवा,
यदु भारद्वाज भारतीय वनसेवा

जैव विविधता दिवस पर विशेष हर वर्ष 22 मई को विश्व जैव विविधता दिवस मनाया जाता है जिसका उदेश्य लोगों को जैव विविधता के बारे में जागरूक करना और इस वर्ष जैव विविधता दिवस की थीम है 'वी आर पार्ट ऑफ साल्यूषन'। कोरोना महामारी ने ना केवल दुनिया के आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था पर नाकारात्मक असर डाला है बल्कि इसके कारण विश्व भर में अभी तक लगभग 35 लाख लोगों की जान चली गई है कई बच्चे अनाथ हो गये हैंए कई परिवार पूरी तरह उजड़ गये हैं काफी लोग बेघर हो गये हैं। जैसे ही समाज ने यह महसूस करना शुरू किया कि हम पहली कोरोना की लहर से उबर चुके हैं दूसरी कोरोना लहर बड़े ही बलपूर्वक मानव सभ्यता पर कहर की तहत टूट पड़ी।

विभिन्न वैश्विक विषेषज्ञ यह मानते हैं कि जैव विविधता के नुकसान, जैव विविधता के आवासों का विखंडन, वनों के लगातार कटाई और मनुष्य का प्रा.तिक जैव विविधता में बढ़ते इन्टरफेस के कारण इस तरह के भयानक जुनोटिक रोग फल रहे हैं। इस घातक बीमारी से मानव सभ्यता को जो झटका लगा है उसने हमें प्रा.ति में अपनी स्थिति और भूमिका पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर दिया है। इस महामारी ने मनुष्य जाति को यह अहसास कराया है कि हम प्रकृति के स्वामी नहीं हैं बल्कि इस अनंत प्रणाली के एक सक्रिय घटक हैं। हमारा अस्तित्व और कल्याण प्राकृतिक प्रणालियों के समांजस्यपूर्ण कामकाज पर निर्भर करता है। अभी तक प्रर्यावरण प्रबंधन पर पूरा विचार–विमर्श यह अहसास दिलाने पर केन्द्रित था कि कैसे उनकी प्रकृति को शोषण करने की

गतिविधियों ने पारिस्थितिक तन्त्र को नष्ट कर दिया है लेकिन इस दिषा में वर्ष 2020 को एक वाटर शैड वर्ष माना गया है कि कैसे मनुष्य पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने वाली जैविक प्रणालियों की रिकवरी में मदद करेगा।

आज प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाला हर बच्चा बता सकता है कि वनों की अंधाधुंध कटाई, वायु प्रदूषण, पानी की कमी से होने वाली अकाल, विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के विलुप्त होने की बढ़ती दर, जलवायु परिवर्तन और अपशिष्ट प्रदार्थों का निपटान प्रमुख पर्यावरणीय समस्या है। लाइनर प्रोजेक्ट जैसे कि रेल और सड़कों नें वन्य जीवों के आवासों में .त्रिम विखंडन पैदा किया है जिसके फलस्वरूप मानव वन्यजीवों में संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि हुई है। पर्यावरणीय मुददों और वन्य जीवों और आवासों के विनाश के बारे में जागरूकता पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है लेकिन इस दिशा में हमें काफी आगे बढ़ना बाकी है। लेकिन अब समय आ गया है कि हम स्वयं जैव विविधता के नुकसान जैसी विकराल समस्या के समाधान खोजना शुरू करें। पर्यावरण से सबंधित अर्न्तराष्ट्रीय और सरकारें अकेले इस उददेश्य को प्राप्त नहीं कर सकती हैं। प्रत्येक व्यक्ति जो ईकोकृसिस्टम की सेवाओं का उपयोग करता है उसे प्राकृतिक तन्त्र की नुकसान की भरपाई को कैसे पूरा करें इसके लिए आगे आना पड़ेगा। सबसे पहले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पर्यावरण ऑडिट करना चाहिए जैसे कि कैसे हम पानी के दुप्रयोग को कम कर सकते हैं। इस तरह के पर्यावरण ऑडिट से रिसोर्स यूज एफिसिएंसी बढ़ेगी। इसी दिशा में दूसरा कदम यह भी हो सकता है जैसे कि हम अपने दैनिक जीवन में पॉलीथीन बैग का उपयोग करते समय इसके विकल्प की दिशा में भी सोच सकते हैं। इसी तरह अगर हम अपने आस–पास की दो कि.मी. की दूरी में होने वाली दैनिक क्रियाएं साइकिल के माध्यम से करें तो इससे ईंधन की खपत कम होगी मनुष्य स्वस्थ रहेगा तथा पर्यावरण प्रदूषण भी कम होगा। अतः समय आ गया है कि जब भी हम किसी वस्तु का उपयोग कर रहे होतें हैं तो हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि हमें वास्तव में मुझे इसकी आवश्यकता है तथा कहीं इसके प्रयोग से पर्यावरण को कोई हानि तो नहीं होगी।

मनुष्य समाज को पेड़ों और वनों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वच्छ हवा और पानी जैसी अमुल्य सेवाओं के महत्व का अहसास होना चाहिए। एक औसत इंसान को 550 लीटर शुद्ध ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है जो पेड़ों झीलों और महासागरों में मौजूद फाइटोप्लांकटन से आती है। इस ऑक्सीजन का आर्थिक मुल्यांकन करने पर हमें यह अहसास होना चाहिए कि इस निःशुल्क प्राकृतिक सेवा का भुगतान ना करके हम कितना पैसा बचा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में भी प्राकृति के आभारी होने के बजाए हम मानव जाति दिन प्रतिदिन होने वाले वनों की कटाई, वेटलैंड का नुकसान और जलवायु परिवर्तन फलस्वरूप बढ़ने वाले महासागरों के अवनिकरण के बारे में बहुत ही कम चिंतित नजर आती है। यह अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन 50000 हेक्टेयर जंगलों की कटाई होती है या जलाए जाते हैं।

समय आ गया है कि लोग यह सोचें कि इन ईको सिस्टम से प्राप्त होने वाली विभिन्न सेवाओं का भुगतान हम कैसे करें। इसका भुगतान हम अपने और अपने आस–पास की दैनिक गतिविधियों में कुछ परिवर्तन करके कर सकते हैं उदाहरणस्वरूप अपने घरों और व्यवसायिक परिसरों में रेन वाटर हारवेस्टिंग संरचनाएं लगाएं अपने घर, कॉलोनी गांव व कस्बों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें और यह प्रण लें कि इन पेड़ पौधों की तीन से चार साल तक अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करेगें। बढ़ते शहरीकरण के कारण जो लोग बहुमंजलीय इमारतों में रहते हैं वह यह सुनिश्चित करें कि उनके कम्पाउंड में कम से कम 33 प्रतिशत हरितवान हो। शहर के मास्टर प्लान बनाते हुए ग्रीन कोरीडोर को प्राथमिकता देनी चाहिए और यह नागरिक भागीदारी और क्राउड फंडिंग द्वारा इस ग्रीन कोरीडोर को सफल बनाया जा सकता है। समय आ गया है शहरी क्षेत्र में समाज के सभी लोग खाली जमीन के पैच को पौधारोपण के लिए अपनाएं। इसके अलावा वन विभाग और बागवानी विभाग के सहयोग से इस तरह की योजना करें कि इस खाली पैच पर विभिन्न प्रजातियां जैसे कि छायादार पेड़, फलदार पेड़ और सजावटी पौधे लगायें। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में लधुग्राम वन बनाएं जा सकते हैं। इसके लिए शहरी क्षेत्रों के धनाढय और सामाजिक कार्यकर्ता ऐसे ग्राम वनों को पांच वर्षों के लिए गोद ले सकते हैं और इन ग्राम वनों में सरकार का हस्तक्षेप न्यूनतम हो ताकि हरित स्वयं सेवकों की एक फौज ग्रामीण स्तर पर तैयार हो सके। इसी तरह यह एक वैश्विक अनुमान है कि प्रतिदिन 25 लाख टन भोजन बर्बाद हो जाता है। जैसा कि आपको पता है कि सघन कृर्षि जिसमें फर्टिलाइजर और पेस्टीसाइज का प्रयोग होता है उससे यह भोजन उत्पन्न होता है। समाज को ना केवल अपने खाने की आदते बदलनी चाहिए बल्कि समय आ गया है कि इन्टीग्रटेड फूड मैनेजमेंट को अपनाने का समय आ गया है ताकि हम फूड चेन में .त्रिम घटकों का उपयोग कम कर सकें। समाज का प्रत्येक व्यक्ति जैव विविधता के नुकसान से निपटने के समाधान का हिस्सा बन सकता है यदि वह स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण के अपने मूल अधिकार के बारे में जागरूक रहे। जैव विविधता संरक्षण के मुददों को तभी सरकार की प्राथमिकता में लाया जा सकता है जब हरित अधिकारों की मांग जनता अपने प्रतिनिधियों से करे। जैव

विविधता संरक्षण और सतत विकास के मुददे कुछ हरित युरोपीय देशों की तरह राजनैतिक चुनावी दलों के घोषणापत्रों का हिस्सा बनना चाहिए। वन्य जीवनए पेड़–पौधे, पर्वत, श्रंखलाएं, भव्य जलप्रपात, गहरे समंदर सब मानव सभ्यता की ओर निहार रहे हैं कि आइए हम प्रकृति के सभी घटक आपसी सामंजस्य मजबूत करें और जैव विविधता को प्रभावित करने वाली चुनौतियों को हल करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहें ताकि प्राकृतिक असंतुलन के कारण दुबारा इस तरह की महामारी मानव सभ्यता को नष्ट ना कर दे।

किसान आंदोलन का इतिहास

– सूरजभान दहिया

भारत में खेती हर समाज एक अत्याधिक दीर्घकालीन सामाजिक परिघटना का प्रतिफल है। यहां कृषि राष्ट्रीय जीवन और अर्थव्यवस्था का मूलभूत आधार रही है और दीर्घकाल तक रहेगी। निःसंदेह कृषि भारतीय सभ्यता की आत्मा है और इसकी उपेक्षा हमारी धनाढ्य संस्कृति का प्रबल प्रहार है। हमारे कई हजार के इतिहास में ऐसे कई रोमांचक प्रसंग हैं। जब फसल न होने पर राजा ने तपस्या की अथवा स्वयं ही हल उठाया। अन्नदाता किसान को श्रृध्देय माना गया और स्वयं विष्णु–त्रिशक्तियों में से एक ने स्वीकारा था कि भू–लोक में मेरा सबसे अधिक उपासक किसान है जो सूर्य उदय होने से पूर्व ही गऊ के दो जायो के साथ खेत में प्रस्थान होने से पहले यह कर मेरी उपासना करता है– ''धरती मां तू बड़ी तेरे तै बडे भगवान''।

ऐसे भी उदाहरणों की कमी नहीं है जब कृषि एवं किसान की उपेक्षा अथवा उससे भेदभाव करने पर हमारा देश भयावह संकट में पड़ा। अकाल पड़े, भूख से हाहाकार मचा, मौत ने खुला तांडव किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान को ताक पर रख, अपने ऊपर कमर तोड़ कर्ज का बोझ लादकर हमने दूसरे देशों के सामने अनाज के लिये कटोरा भी फैलाना पड़ा। अंग्रेजों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांशाए पूरी करने के लिये कृषि तथा किसान दोनों को बुरी तरह उजाड़ दिया था। भारत आजादी के समय खाद्य संकट की चपेट में था। पश्चिमी देश भारत में भुखमरी की भविष्यवाणी करने लगे थे। वह भविष्यवाणी यदि सच हो जाती तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को टूटने में देर नहीं लगती। यह बहुत बड़ा सवाल है जिस पर हमारे लोकतंत्र का भविष्य टिका है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1958 में चेतावनी दी थी कि ''हर क्षेत्र में प्रतीक्षा संभव है, लेकिन कृषि में नहीं''। इसके बावजूद कृषि क्षेत्र में प्रतीक्षा खत्म नहीं की गई। सामान्य किसान और खेतीहर मजदूर की झोपड़ी में न लक्ष्मी (समृद्धि) पहुंची है और न सरस्वती (शिक्षा)। हां, बेबसी, शोषण, गरीबी एवं तिरस्कार उसके दरवाजे पर निरंतर दस्तक दे रही हैं।

खेती, किसान और खेतिहर मजदूरों की समस्याओं पर सोचने की आदत इस देश में बहुत कम है। यदि किसी कारणवश सोचना पड़ता है तो 'पांच अंधे और एक हाथी' की रोचक कथा याद आ जाती है। स्वतंत्रता के बाद सिर्फ एक बार सन् 1965 में पूरे देश ने 'अनाज में आत्मनिर्भरता और अन्नदाता किसान' का महत्व पूरी गहराई से अपने दिल और दिमाग में रेखांकित किया था। लाल बहादुर शास्त्री जी के उद्घोष 'जय जवान जय किसान' ने पूरे देश को ही किसान बना दिया था। अनाज निर्यातक अमरीका की धौंस धरी की धरी रह गई थी। आत्मनिर्भरता के स्वप्न को भारत के किसान ने अपनी मेहनत व देशभक्ति के यथार्थ को कठोर धरती पर उतार दिखाया। उसके बाद देश हरित क्रांति से अन्न के मामले में निश्चिंत हुआ और उसके इस संबंध में लगभग सभी उदासीन। ऐसी स्थिति में यह पुनः मन में बार–बार उठता है कि हरित क्रांति (अनाज में आत्मनिर्भरता), श्वेत क्रांति (दूध में आत्मनिर्भरता) और नीली क्रांति (मछली पालन में आत्मनिर्भरता) का 'अमृत–कुंभ' कौन ले भागा है? कहां और क्यों अटक गई– ग्राम विकास की हरहराती गंगा? क्यों अन्नदाता को दिनोंदिन आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है? क्या यही राष्ट्रपिता बापू के 'हिंद स्वराज' का स्वप्न था?

देश को 'संपूर्ण आत्मनिर्भरता' के स्वप्न की ओर अग्रसित होने का आहवान है इस प्रयोजन हेतु अच्छे साधक (किसान) की आवश्यकता है जो वर्तमान परिस्थितियों में उपलब्ध नहीं हैं। आज भारत अपनी नीतियों को उदार बना रहा है, लेकिन ये उदारता केवल उद्योगों एवं कारपोरेट घरानों की झोली में जा रही हैं जबकि किसान को खेती की लागत भर भी पैसा नहीं मिलता। किसानों को कारपोरेट जगत के मातहत बनाने का जो षड्यंत्र चल रहा है वह देशहित में नहीं है। किसान भारत का प्रतीक है जिसकी अंधेरी रात खत्म होने को नहीं आती।

अब एक विचारणीय प्रसंग। रूसी किसान की दशा पर एक जगह लियो टॉल स्टाय ने अपनी पीड़ा इन शब्दों में उल्लेखित की थी– ''मैं छाती पर सवार हूं और वह घूट रहा है। उसका भला हो। मैं उसकी भलाई और तंदरूस्ती के लिये सबकुछ चाहता हूं। लेकिन वह एक चीज मैं नहीं करूंगा जो किसान को आराम से सांस लेने दे और जीने दे– वह है उसकी छाती (शोषण) से हट जाऊं।'' इसी तरह भारतीय किसान को संबोधित करते हुये इकबाल कहते हैं–

''न समझेगा तो मिट जायेगा ऐ दुनिया के अन्नदाता तेरी तो दास्तां तक भी न होगी दास्तानों में।''

गत वर्ष भारत की संसद द्वारा तीन कृषि कानून पारित किये इसी संदर्भ में अवलोकन करने चाहिये। ऐसी विकट परिस्थिति में किसान मसीहा छोटूराम 'बेचारा किसान' में किसान को सचेत होने के लिये कहते हैं–

''ऐ किसान। चौकस होकर रह, चौकन्ना बन। यह दुनिया ठगों की बस्ती है और तू बड़ी आसानी से ठगों के जाल में फंस जाता हे। कोई तुझे शाह बनकर लूटता है, कोई तुझे ब्याज में लूटता है। कभी भाव से तुझ से धोखा किया जाता है। साहूकार तुझे जोंक की तरह चिपट जाता है। हाकीम, हुक्काम तुझे भारी कर्जे तले दबा देते हैं, तुझे लाचार बना देते हैं और परिवार को गरीबी के कुंए में धकेल देते हैं। ऐसी विकट परिस्थितियों से तुझे कौन बचायेगा? कोई नहीं, तो कैसे बचेगा तू? भाई। खामोशी और बेजुबानी से नहीं बल्कि अभियान और आवाज उठाने से। बेबसी से नहीं बल्कि आंदोलन से। संघर्ष कर, गफलत के सपने से जाग, करवट बदल, सक्रिय हो। न्याय युद्ध लड़ना तेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।''

किसान तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने एवं अपनी कृषि उपज का लाभकारी मूल्य पाने हेतु दिल्ली की सीमाओं पर बैठकर सरकार से गुहार लगा रहे है। काफी समय हो गया है, किसानों की मांगों को लेकर केंद्रीय सरकार संवेदनशील नहीं दिखती– यहां प्रजातंत्र के नाम पर किसानों के चुने हुये शासक कानून बनाकर 'जनन्याय' का ढिंढोरा भले ही पीटें, यह स्पष्ट है, सारा प्रशासन कुछ वर्ग के हितों हेतु कार्यरत है। यहां के प्रजातंत्र में प्रजा शब्द अर्थहीन है– भारत कृषि प्रधान देश है परंतु किसान की सदैव उपेक्षा हुई है। किसान अपने शोषण के विरूद्ध न जाने कबसे संघर्षशील है। किसान कल्याण के चार स्तंभ एवं मसीहा– बाल गंगाधर तिलक (कोंकण किसान आंदोलन), महात्मा गांधी (चम्पारण सत्याग्रह), सरदार पटेल (बारदोली आंदोलन) एवं छोटूराम (किसान शोषण मुक्ति) सदैव किसानों को अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिये प्रेरित करते रहेंगे। वैसे किसान संघर्ष की एकलंबी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है जिसे इतिहास के पन्नों से गायब कर रखा है। वर्तमान किसान आंदोलन निःसंदेह इस सदी का विश्व का सबसे प्रभावी आंदोलन होगा जो अन्य देशों के किसानों को भी प्रेरित करेगा– '21वी सदी किसान शोषण की नहीं अपितु किसान जागरण एवं नेतृत्व की सदी है।''

